# Sample Question Paper (2024-2025)

## Class : 12th (Sr. Secondary )

## विषय : हिंदी ऐच्छिक (Hindi Elective )

ACADEMIC / OPEN | Code No. 523

**समय : 3 घंटे** | **अधिकतम अंकः 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 11 मुद्रित पृष्ठ तथा 13 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरु करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़ें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

**सामान्य निर्देशः**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित 'निर्देश' दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथा संभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

Edit with WPS Office

## खंड - क

**प्रश्न- 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1x5=5**

प्रकृति और मनुष्य का संबंध ऐतिहासिक दृष्टि से काफी बाद में शुरू हुआ, क्योंकि प्रकृति पहले से थी, मनुष्य बाद में आया। लेकिन अपने विकास के क्रम में मनुष्य ने शीघ्र ही प्रकृति पर अपनी इच्छा आरोपित करनी चाही। तभी से, संघर्ष और स्वीकृति का एक लोमहर्षक नाटक मनुष्य और प्रकृति के बीच चला आ रहा है। आज भी मनुष्य प्रकृति का ही पुत्र है। जन्म, जीवन, यौवन, जरा, मरण आदि अपनी अनेक स्थितियों में वह आज भी प्राकृतिक नियमों से मुक्त नहीं हो सका है।

इसके बावजूद निरंतर उसकी चेष्टा यही रही है कि वह ज्ञान-विज्ञान की अपनी सामूहिक उद्यमशीलता के बल पर प्रकृति को पूर्णतः अपने वश में कर ले। यह इतिहास मनुष्य की विजय और प्रगति का इतिहास है या उसकी पराजय और दुर्गति का, इसे वह स्वयं भी ठीक- ठीक नहीं समझ सका है। पर जिसे हम मनुष्य की जयगाथा कहकर पुलकित हो रहे हैं, वह असल में मनुष्य की पराजय और उसके आत्महनन की गाथा है।

(1) मनुष्य ने अपने विकास के लिए किस पर अपनी इच्छा जताई ?

क) मनुष्य पर।

ख) प्रकृति पर।

ग) अपने पुत्र पर

घ) इतिहास पर

(2) मनुष्य क्या ठीक-ठीक नहीं समझ सका है?

क) विजय और प्रगति

ख) पराजय और दुर्गति

ग) क और ख दोनों सही हैं।

घ) क और ख दोनों गलत हैं।

3) प्रकृति और मनुष्य में पहले कौन आया ?

Edit with WPS Office

क) दोनों एक साथ।

ख) प्रकृति पहले

ग) बता नहीं सकते।

घ) मनुष्य

4) मनुष्य ने किसके बल पर प्रकृति को वश में कर लिया ?

क) इच्छा के बल पर

ख) विज्ञान के उद्यमशीलता के बल पर

ग) इतिहास के बल पर।

घ) नियमों के बल पर

5) मनुष्य प्राकृतिक नियमों से किस स्थिति में मुक्त नहीं हो पाया है ?

क) जन्म।

ख) जीवन।

ग) यौवन, जरा।

घ) उपर्युक्त सभी।

**प्रश्न-2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5**

सुख-दुख मुस्काना धीरज से रहना, वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।

मैं वीर नारी हूँ साहस की बेटी, मातृभूमि रक्षा को वीर सजा देती

आकुल अंतर की पीर राष्ट्र हेतु सहना, वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।

जीवन भर मुस्काए भारत का अंगना, वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।

राष्ट्र-भूमि मेरी, कोटि-कोटि वीर पूत द्वार-द्वार देती

जीवन भर मुस्काए भारत का अंगना, वीरों के माता हूं वीरों की बहना।

Edit with WPS Office

1 सुख दुख में मुस्कुराते हुए कैसे रहना चाहिए?

(क) धीरज

(ख) धीर

(ग) शीर

(घ) वीर

2. आकुल अंतर की पीड़ा किसके लिए सहनी चाहिए ?

(क) राष्ट्र

(ख) समाज

(ग) जाति

(घ) धर्म

3. मातृभूमि.................. जन्मभूमि मेरी । उपयुक्त शब्द खालीस्थान में भरिए।

(क) देवभूमि

(ख) गांव भूमि

(ग) शहर भूमि

(घ) राष्ट्रभूमि

4. भारत का अंगना कब तक मुस्कुराए ?

(क) जीवन भर

(ख) उम्र भर

(ग) मुट्ठी भर

(घ) पल भर

5. पीड़ा के लिए कौन-सा पर्यायवाची शब्द प्रयोग किया गया है ?

(क) धीरज

Edit with WPS Office

(ख) पीर

(ग) वीर

(घ) आकुल

## खंड-ख

**प्रश्न-3 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिएः 1x5=5**

(i) गुल मोहम्मद आगा क्या बेचने के लिए गाँव आया था ?

(क) कपड़ा

(ख) चीनी

(ग) शहद

(घ) मिठाई

(ii) बाजीगर ने माता मरियम को को उपहार देने के लिए क्या किया?

(क) हार पहनाया

(ख) पुस्तक भेंट की

(ग) अपना करतब दिखाया

(घ) फूल भेंट किए

(iii) लघुकथा 'शेर' में शेर किसका प्रतीक है?

(क) व्यवस्था का

(ख) प्रजा का

(ग) राजा का

(घ) मंत्री का

Edit with WPS Office

(iv) पुरानी दंतकथा के अनुसार सिंगरौली का क्या नाम था ?

(क) सिंगारी

(ग) श्रृंगारी

(ख) भृंगराज

(घ) सृंगावली

(v) यक्ष कहाँ निर्वासित जीवन जी रहा था ?

(क) रामगिरि पर

(ख) अरावली पर

(ग) नीलगिरि पर

(घ) चित्रकूट पर

**प्रश्न 4. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x5=5**

दुख और सुख तो मन के विकल्प हैं। सुखी वह है, जिसका मन वश में है, दुखी वह है जिसका मन परवश है। परवश होने का अर्थ है खुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ- हजूरी। जिसका मन वश में नहीं है वही दूसरे के मन का छंदावर्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडंबर रचता है, दूसरों को फँसाने के लिए जाल बिछाता है। कुटज इन सब मिथ्याचारों से मुक्त है। वह वशी है। वह वैरागी है। राजा जनक की तरह संसार में रहकर, संपूर्ण भोगों को भोगकर भी उनसे मुक्त है।

(i) गद्यांश में मनुष्य की किन अंत वृत्तियों पर प्रकाश डाला है?

(ii) लेखक के अनुसार परवश होने का क्या तात्पर्य है?

(ii) कुटज के मिथ्याचारों से मुक्त होने का क्या कारण है?

(iv) कुटज की तुलना किससे की गई है?

Edit with WPS Office

(V) गद्यांश के पाठ और लेखक का क्या नाम है?

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(क) "प्रेमधन की स्मृति छाया' में चौधरी साहब के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं को उजागर किया गया है ? 3

(ख) प्रकृति के कारण विस्थापन और औद्योगिकरण के कारण विस्थापन में क्या अंतर है ? 3

(ग) बड़ी बहुरिया का संवाद हरगोबिन क्यों नहीं सुना सका? 2

(घ) कुटज किस प्रकार अपनी अपराजेय जीवनी शक्ति की घोषणा करता है? 2

**खंड -ग**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5**

(i) देवसेना कौन थी ?

(क) दासी

(ख) स्कंदगुप्त की पत्नी

(ग)स्कंदगुप्त की बहन

(घ) मालवा के राजा बंधुवर्मा की बहन

(ii) कवि 'निराला' के प्रथम बसंत की गीति कौन है?

(क) सरोज

(ख) अतीत गौरव

(ग) स्मृति

(घ) मनोरमा

(iii) 'यह दीप अकेला ' कविता में दीप किसका प्रतीक है ?

Edit with WPS Office

(क) आशा का

(ख) व्यक्ति का

(ग) देश का

(घ) समाज का

(iv) चट्टानें, ऊसर और बंजर को तोड़ने का आह्वान क्यों किया गया है?

(क) सृजन के लिए

(ख) विध्वंश के लिए

(ग) विनाश के लिए

(घ) कृषि के लिए

(v) अगहन के बाद कौन-सा महीना आता है?

(क) माघ

(ख) पूस

(ग) फाल्गुन

(घ) वसंत

**प्रश्न 7. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 5**

चढ़कर मेरे जीवन-रथ पर,

प्रलय चल रहा अपने पथ पर ।

मैंने निज दुर्बल पद-बल पर,

उससे हारी- होड़ लगाई।

**अथवा**

Edit with WPS Office

श्रृंगार, रहा जो निराकार,

रस कविता में उच्छ्वसित-धार

गाया स्वर्गीया-प्रिया - संग

भरता प्राणों में राग-रंग,

रति-रूप प्राप्त कर रहा वही,

आकाश बदल कर बना मही।

**प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) सरोज का विवाह अन्य विवाहों से किस प्रकार भिन्न था ? 3

(ख) माघ महीने में विरहिणी को क्या अनुभूति होती है ? 3

(ग) कवि मौन होकर प्रेमिका के कौन से प्रण पालन को देखना चाहता है? 2

(घ) बनारस में वसंत का आगमन कैसे होता है और उसका क्या प्रभाव इस शहर पर पड़ता है? 2

**खंड-घ**

**प्रश्न-9 'अंतराल (भाग 2)' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(क) धरती का वातावरण गरम क्यों हो रहा है ? इसमें यूरोप और अमेरिका की क्या भूमिका है ? 3

(ख) भैंरों ने सूरदास की झोपड़ी क्यों जलाई ? 2

(ग) गरमी और लू से बचने के उपायों का वर्णन कीजिए। 2

**खंड - ङ**

**प्रश्न-10. 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1x5=5**

(i) भारत में पहला छापाखाना कब और कहाँ खुला ?

(ii) फ्रीलांसर पत्रकार किसे कहते हैं ?

Edit with WPS Office

(iii) बीट रिपोर्टिंग से क्या अभिप्राय है?

(iv) भारत की पहली साइट कौन-सी थी ?

(v) समाचार लेखन की शैली कौन - सी है ?

प्रश्न 11.( क) विशेष लेखन किसे कहते हैं? इसके प्रमुख क्षेत्र कौन-से हैं? 3

(ख) कविता के प्रमुख घटक कौन-से हैं? 2

प्रश्न 12. नए और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन में किन बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है? 5

**अथवा**

नाटक और कहानी में क्या-क्या असमानताएँ हैं?

**खंड-च**

**प्रश्न 13.नैतिक शिक्षा' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** 2X4=8

(क) मदनलाल ढींगरा ने राष्ट्र हेतु क्या योगदान दिया?

(ख) हेमू ने आदिलशाह के राज्य की सुरक्षा किन-किन विद्रोहियों से की ?

(ग) वल्लभ भाई पटेल के जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

(घ) गीता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

Edit with WPS Office

Edit with WPS Office